हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 4 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

10 जींद में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाए: शिव नारायण शर्मा



10 टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया



## खबर संक्षेप

### स्कूल भवन निर्माण का झांसा दे 60 लाख हड़पे

**जींद।** नरवाना में स्कूल नवीनीकरण करने तथा निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा करने का झांसा देकर 60 लाख रुपये हडपने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धोखाधड़ी से फोन खरीदने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी से फोन खरीदने के मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एसआई कुलविंद्र सिंह द्वारा करते हुए आरोपी जीत सिंह उर्फ जीतू निवासी तितरम को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 2 हजार रुपये बरामद किए गए। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ठेके का टूटा ताला 21 पेटी शराब चोरी

**जींद।** गांव रेवर में बीती रात चोरों ने शराब ठेके का ताला तोड़ कर 21 पेटी शराब को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव उझाना निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव रेवर के निकट शराब का ठेका खेला हुआ है। रात को कारिंदा शराब के ठेके को बंद कर गांव में चला गया।

### घर से नकदी और गहने लेकर विवाहिता लापता

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से एक विवाहिता बिना बताए घर से चली गई। आरोप है कि वह अपने साथ लाखों के जेवरात और नकदी ले गई। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि एक जनवरी को उसकी 28 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। जांच अधिकारी प्रभात ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत से ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** गांव जुलानी में बीती रात चोरों ने खेतों से ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी करने पर सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव जुलानी निवासी भूपेंद्र के खेत मे योजना के तहत ट्रांसफार्मर रखा था।

### सटोरिया काबू, 1810 रुपये नकदी बरामद

**कैथल।** थाना शहर पुलिस द्वारा कैथल से एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 1810 रुपए नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस के मुख्य सिपाही करनैल सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की सीवन गेट के पास एक दुकान के सामने एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### बच्चों को जागृत करने के लिए अभियान चलाया

**राजौंद।** शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वाधान में मिशन बुनियाद व सुपर 100 के सहयोग से हरियाणा के सभी ब्लॉकों में बच्चों को जागृत करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत बुधवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौद में खंड स्तरीय भव्य आयोजन किया गया।

### टॉवर से बैट्री सैल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कुतुबपुर स्थित एक टावर से बैटरी सैल चोरी मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई प्रवीन की टीम ने आरोपी इंद्रगढ निवासी मुलायम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रवीन निवासी कुतुबपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

# पांच दिन बाद खिली धूप ने ठंड से दी कुछ राहत, तापमान में इजाफा

## लोगों ने खुले में आकर खिली धूप का लिया आनंद, फिलहाल मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दोपहर तक कडाके की ठंड के बाद अचानक से सूर्य देवता आसमान से निकले और खिली। जिसने कडाके की ठंड से राहत दी। लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया और लोगों को धूप सेकते देखा गया। सूर्य देवता की तपिश से अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में इजाफा दर्ज किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 10 डिग्री से बढ़ कर 13 डिग्री पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान एक डिग्री बढ़ कर 4 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम में आद्रता 72 प्रतिशत तथा हवा कि गति 3 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क रहेगा और आंशिक रूप से बादलवाई भी देखने को मिलेगी। नव वर्ष के आगाज से लगातार कडाके की ठंड पड़ रही है। यहां तक की चार दिन तक शीत लहर भी चली। घनी धुंध, कोहरे तथा कडाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। सूर्य देव भी दिखाई नहीं दे रहे थे। बुधवार को दिन का आगाज आंशिक रूप से छाए बादलों के साथ हुआ। दोपहर को सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो मौसम साफ हो गया और धूप खिल उठी। लोगों को ठंड से काफी राहत दी।



**जींद।** बादलों की ओट से झांकते सूर्य देवता। *फोटो :हरिभूमि*

### खेतों में शाम के समय सिंचाई करें

बुधवार को दोपहर बाद खिली धूप से कडाके की ठंड से कुछ राहत मिली। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे ठंड को देखते हुए फसलों की शाम को सिंचाई करें। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आंशिक रूप से पश्चिम विक्षोभ के असर के चलते सूर्य देवता दिखाई दिए हैं। बादलवाई के साथ धूप भी खिलेगी। जिसके साथ अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में इजाफा होगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि खेतों में शाम के समय सिंचाई करें।

### कैथलः सूर्यदेव ने दिए दर्शन, बाजारों में दिखी रौनक

**कैथल/गुहला-चीका।** करीब एक सप्ताह केक बाद नए वर्ष के तीसरे दिन बुधवार को न धुंध पड़ी और न ही कोहरा पड़ा। सूर्य देव के भी दर्शन हुए, जिसके चलते मौसम खुलता हुआ दिखाई दिया। सूर्यदेव के दर्शन होने से लोगों ने ठंड से कुछ राहत महसूस की है लेकिन दिन भर चली शीत हवाओं के कारण तापमान नीचे ही रहा। शीत हवाओं के कारण कैथल का न्यूनतम तापमान 5 तो वहीं अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि सूखी ठंड पड़ती रही परंतु उसके बावजूद आमजन को कंपकंपाती ठंड से कुछ राहत मिली। पिछले कुछ दिनों से अलाव का सहारा लेकर समय पास कर रहे लोगों ने भी अपने काम धंधे व। जरूरी खरीददारी के लिए बाजारों का रुख किया, जिस कारण बाजारों में भी रौनक दिखाई दी। सड़कों पर खड़ी फल व सब्जियों की रेहड़ियों पर भी ग्राहक पहुंचा, जिससे दिहाड़ीदार लोगों के चेहरों पर हलकी मुस्कान लौटी। नेकी का घर, रोटरी कल्ब व कुछ अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े, सूखी सामग्री व अन्य सामान वितरित करने का सिलसिला आज भी जारी रहा, जिसके कारण ठंड व दिहाड़ी न मिलने के बावजूद गरीब लोगों का चूल्हा जलता रहा।



**कैथल।** पटवार भवन के सामने नारेबाजी करते पटवारी। *फोटो :हरिभूमि*

# कैथलः तहसील-पटवार भवन में काम ठप रहा

## कड़कड़ाती ठंड में शुरू की हड़ताल

- पे-ग्रेड विसंगतियां दूर करने की मांग कर रहे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पे ग्रेड की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर एक वर्ष बाद फिर पटवारी और कानूनगो तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं। जिला प्रधान दिलबाग सिंह ढुल की अध्यक्षता में पटवारियों ने सुबह लघु सचिवालय पर धरना शुरू कर दिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पटवारियों का कहना था कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

मंगलवार को जिला की सभी तहसीलों के पटवारी और कानूनगो लघु सचिवालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रधान दिलबाग सिंह ढुल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक वर्ष पूर्व पटवारियों को 32100 रुपए पे ग्रेड लागू करने की घोषणा की थी। लेकिन पे ग्रेड जनवरी 2023 से लागू किया है। जोकि वादाखिलाफी और गलत है। पूर्व प्रधान राजा राम ने कहा कि सीएम ने स्टेट एसोसिएशन से बातचीत में पे ग्रेड 1जनवरी 2016 से लागू करने का आश्वासन दिया था। महासचिव सुखविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार पटवारी की जायज मांग को जल्द पूरा करें। पटवारी सुरेंद्र ने कहा कि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गुरचरण भाटिया, सुखबीर राणा, कानूनगो दलबीर सिंह, संजय, सुभाष राणा, कृष्ण कुमार, पटवारी राजेश एडवोकेट, पूर्व प्रधान देवी दयाल, रामनिवास, फग्गु राम, सुमित, विरेंद्र सिंह, मनदीप सिंह, बलिंद्र सिंह, पवन कुमार मौजूद थे।

## राजस्व विभाग से संबंधित काम प्रभावित, भटके लोग

# वेतन को लेकर पटवारियों ने तीन दिन के लिए छोड़ा काम

## एसोसिएशन ने पांच जनवरी तक सांकेतिक धरना देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसो. के आह्वान पर बुधवार को पटवारियों ने कामकाज छोड़ कर मांगों को लेकर तीन दिवसीय धरने की शुरूआत की। पटवारियों के काम न करने से राजस्व विभाग से जुडा हर कार्य प्रभावित हो गया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। धरनारत पटिवारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गत 25 जनवरी को बढ़ाए गए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से तथा 25 जनवरी से वास्तविक रूप से लागू न करने का नोटिफिकेशन आजतक भी जारी नही किया गया है। जबकि राज्सव विभाग द्वारा इस मामले में अपनी संतुष्टि दे दी गई थी। इस बारे में एसोसिएशन के पदाधिकारी कई बार उच्च अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन आशसन के सिवाए उन्हें कुछ हासिल नही हुआ है। ऐसे में एसोसिएशन ने तीन से पांच जनवरी तक सांकेतिक धरना देने का निर्णय लिया है। अगर इसके बाद भी सरकार उनकी मांगों पर संज्ञान नही लेती है तो सांकेतिक धरने को अनिश्चितकालीन हडताल में बदल दिया जाएगा। द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सूबे सिंह के नेतृत्व में पटवारी पटवार भवन में एकत्रित हुए धरने की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में पटवारी की संख्या जहां चार हजार के आसपास होनी चाहिए थी, अब मात्र 1400 पटवारी ही काम कर रहे हैं। जिससे पटवारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है।

ऐसे में सरकार यथाशीघ्र पटवारी की नियमित भर्ती करे ताकि जनता के काम भी समय पर हो सकें। उन्होंने कहा कि 2019 से गिरदावरी कंप्यूटर सहायक का पैसा आजतक भी नही मिला है। 2016, 2019 व 2023 तीनों बैच एक वेतनमान 32100 पर आ गए हैं। जिस से चंद पटवारियों के वेतनमान में मात्र 700 रुपये का लाभ हुआ है। ऐसे में 2016 से पहले वालों को इस निर्णय से एक रुपये का भी लाभ नही पहुंचा है बल्कि इंक्रीमेंट व एसीपी की हानि हुई है। ऐसे में इन्हें भी लाभ प्रदान किया जाए। वहीं पटवारी की गिरदावरी का समय डेढ़ महीना किया जाए ताकि पटवारी गिरदावरी समय से कर सकें। सरकार जल्द से जल्द पटवारियों की मांग को पूरा करे।





**जींद।** पटवार भवन कार्यालय में लटके ताले। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** धरने पर बैठे पटवारी। *फोटो :हरिभूमि*

### परीक्षा को जल्द से जल्द करवाए

उन्होंने कहा कि संगठन उपमुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री से भी कई बार मिल चुके हैं तथा अपना पक्ष रखते समय लेने के लिए मुख्यमंत्री को भी ई-मेल भेजी गई थी। जिसका जवाब आजतक भी नही आया है। प्रत्येक जिला में एसोसिएशन द्वारा उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भी भेजे जा रहे हैं। जिसमें मांग की जा रही है कि नायब तहसीलदार की विभाग की परीक्षा जो साल में दो बार करवाए जाने का प्रधान है, वह तीन साल बीतने पर एक बार भी नही हुई है। जिससे कर्मचारी बिना प्रमोशन के ही सेवानिवृत हो रहे हैं। सकार इस परीक्षा को जल्द से जल्द करवाए।

### कार्य प्रभावित

पटवारियों के कामकाज छोड़ने के चलते राजस्व विभाग से संबंधित रजिस्टरी, इंतकाल, जमाबंदी, फर्द जैसे कार्य प्रभावित हुए। हालांकि जिन लोगों ने पहले टोकन लिए हुए थे, उनकी रजिस्टरी का कार्य सुचारू रूप से हुआ लेकिन बुधवार से पटवारियों की हडताल के चलते जमीन खरीद-फरोख्त, रिकार्ड से संबंधित कार्य प्रभावित हो गए। जिससे आमजन को परेशानी हुई। लोग पटवार भवन में तो पहुंचे लेकिन पटवारियों की हडताल के चलते वापस लोट गए।

# प्राइवेट बसों, ट्रक यूनियन की हड़ताल समाप्त

- प्राइवेट बसें चलने से आमजन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

न्याय संहिता बिल (हिट एंड रन कानून) वापस वापस करवाने की मांग को लेकर पिछले दो दिन से चली आ रही हडताल बुधवार को समाप्त हो गई। जींद में प्राइवेट बसों और जींद ट्रक यूनियन ने अपनी हड़ताल समाप्त करते हुए बसों व ट्रकों को फिर से सड़क पर उतार दिया।

हालांकि नरवाना में ट्रांसपोर्ट यूनियन की हड़ताल अभी भी जारी है। इस ट्रांसपोर्ट्र यूनियन के तहत पिकअप, कैंटर, मैक्सी कैब समेत छोटे व्हीकल चालक शामिल हैं। बुधवार को भी नरवाना ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी और दूसरे चालक बद्दोवाल टोल प्लाजा पर धरना देकर बैठे रहे। यूनियन के पदाधिकारी आने-जाने वाले भारी वाहन चालकों से आंदोलन और हड़ताल में शामिल होने की अपील करते रहे। वहीं प्राइवेट बसों के दोबारा से रूट पर आने के चलते यात्रियों को राहत मिली है। पिछले दो दिनों से जिलेभर की 165 बसों के पहिये थमे हुए थे। इस कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं ट्रक आप्रेटर भी हडताल पर थे। जिसके चलते माल का आयात व निर्यात कार्य रूक गया था। फल, सब्जियों के दाम भी धीरे-धीरे बढ़ने लगे थे। जींद ट्रक यूनियन के पदाधिकारी अनिल का कहना है कि उन्हें समाचार के माध्यम से ही हड़ताल खत्म होने का पता चला था। इस कारण सुबह से ही सामान्य दिनों की तरह काम फिर से शुरू कर दिया। केंद्र और रा'य के पदाधिकारी आगे जो भी फैसला लेंगे, वह साथ रहेंगे। इसके अलावा सब्जी मंडी में फल, सब्जी, एचपी गैस प्लांट की गैस सप्लाई पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा था। अब हडताल समाप्त होने से स्थिति सामान्य होने के आसार हैं।



**जींद।** बस में सवार होते हुए यात्री। *फोटो :हरिभूमि*

# सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

- सरकार की अनदेखी के कारण प्रदेश भर के फार्मेसी ऑफिसर वर्ग में रोष

हरिभमि न्यूज ▶▶| ढांड

स्वास्थ्य विभाग का सबसे जिम्मेदार वर्ग जो विभाग की रीढ़ के साथ साथ हिडन आर्मी जो अस्पताल में सुई से लेकर हर बड़ी चीज की उपलब्धता की जिम्मेदारी उठाता है, ने आज अपनी लंबित मांगो के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक हरियाणा के नाम जिला सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट हरियाणा के जिला कैथल के प्रधान राजेश सिरसल ने बताया की सरकार की अनदेखी के कारण प्रदेश भर के फामेर्सी ऑफिसर वर्ग में रोष है। जोखिम भत्ता पदोन्नति चैनल 4600 ग्रेड पे ग्रुप बी राजपत्रित का दर्जा देने बारे एवं नए पद सृजित करने बारे बहुत सी मांगे लम्बे समय से लंबित है और सरकार इस मेहनती वर्ग की अनदेखी कर रही है। आज स्वास्थ्य महानिदेशक के नाम ज्ञापन में मांगो पर जल्द गौर करने की मांग की अन्यथा एक बार फिर इस शांत वर्ग को संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा। जिला प्रधान के साथ वीरेंद्र गुप्ता, ईश्वर सिंह पूर्व महा सचिव, सुभाष भल्ला योगेश सिंगला, नीरज, शिवदास, कृष्ण, रामपाल व समस्त जिला कैथल के फामेर्सी ऑफिसर मौजूद रहे।



**ढांड।** सिविल सर्जन को ज्ञापन सौपते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

## खामी मिलने पर चालक व परिचालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# रात्रि ठहराव के लिए जाने वाली बसों की जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज अधिकारियों को लंबे और लोकल रूटों पर रात्रि ठहराव के लिए जाने वाली बसों का निरीक्षण करना होगा। रात्रि ठहराव के दौरान बसें खड़ी करने की व्यवस्था और चालक व परिचालक मौके पर मौजूद हैं।

इन सभी व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। जांच के दौरान खामी मिलने पर चालक व परिचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रोडवेज निदेशालय ने प्रदेश के सभी महाप्रबंधकों और यातायात प्रबंधकों को पत्र जारी कर निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि रात्रि ठहराव पर जाने वाली रोडवेज बसों का महाप्रबंधक और यातायात प्रबंधक अपने स्तर पर अवलोकन करेंगे। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि रात्रि ठहराव पर जाने वाली बसों की वास्तव में जरूरत भी है या नहीं। इसके अलावा रात्रि ठहराव पर जाने वाली बसों का समय सूर्यास्त समय के आसपास किया जाए।

इन सभी बसों का औचक निरीक्षण कर यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बसें सुरक्षित स्थानों पर ठहराव कर रही है और उन बसों के चालक व परिचालक मौजूद है या नहीं। इन सभी बातों का निरीक्षण के दौरान ध्यान रखा जाएगा। यह निरीक्षण महीने में एक बार जरूरी करना होगा। यदि किसी स्थान पर रात्रि ठहराव की जरूरत नहीं है तो उसे तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया जाए। रोडवेज जींद डिपो की 42 बसें लोकल तथा लंबे रूटों पर रात्रि ठहराव कर रही हैं। जींद से जयपुर, जींद से सालासर, जींद से लुधियाना, जींद से अमृतसर, जींद से दिल्ली, जींद से मथुरा, जींद से नारनौल, जींद से कुरुक्षेत्र, जींद से गुरुग्राम, जींद से रोहतक, जींद से कैथल रूट पर रात्रि ठहराव करती हैं।



### निरीक्षण किया जाएगा : जीएम

जींद डिपो के महाप्रबंधक कमलजीत सिंह ने बताया कि समय-समय पर रात्रि ठहराव करने वाली बसों का निरीक्षण किया जाएगा। यह रूटीन की कार्रवाई है। रात्रि ठहराव पर जाने वाली बसों का निरीक्षण करने बारे निर्देश मिले हैं। यह निरीक्षण महीने में एक बार किया जाना है।



**गुहला-चीका।** धरने पर नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### मांगों पर सहमति के बावजूद नहीं पहनाया अमलीजामा: शर्मा

**गुहला-चीका।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन यूनिट गुहला का एक दिवसीय यूनिट स्तर का धरना यूनिट प्रधान स्वराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंच का संचालन यूनिट सचिव राकेश कुमार ने किया। धरने बार जानकारी देते हुए राज्य सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि अक्टूबर 2023 में सिरसा कैंप ऑफिस पर चले महापड़ाव के दौरान बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के साथ अलग-अलग मांगों व मुद्दों पर बनी हुई सहमति के बावजूद आज तक भी कोई मांग पूरी नहीं हो सकी, जिसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई है। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, तो 23 जनवरी को सर्कल स्तर पर एक दिन का धरना दिया जाएगा, जिसका यूनियन द्वारा पहले ही आह्वान किया जा चुका है और उसके बाद यूनियन कोई कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होगी। इस बीच यूनिट प्रधान स्वराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकारी अभियंता गुहला के साथ भी कई मांगों पर लगातार बातचीत हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### शारीरिक शिक्षक संघ के प्रधान बने जोगिंद्र

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय के सामने शारीरिक शिक्षक संघ उचाना ब्लॉक की मीटिंग हुई। कार्यकारिणी के गठन के लिए आयोजित मीटिंग में सर्वसम्मति से जोगिंद्र उचाना खुर्द को प्रधान मनोनित किया। कार्यकारिणी का गठन तीन साल के लिए किया गया। इससे पहले ब्लॉक उचाना के प्रधान पद की जिम्मेदारी डीपीई संदीप श्योकंद बुडायन पर थी।

### खिलाड़ियों को दी नेट और वालीबॉल

**उचाना।** घसो कलां की वालीबॉल टीम को सरपंच बलजीत द्वारा खिलाड़ियों को नेट, वालीबॉल भेंट की। बलजीत ने कहा कि गांव के युवाओं का निरंतर खेलों की तरफ रूझान बढ़ रहा है जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। खिलाड़ी की जिस खेल में रूचि हो उस खेल को खेलना चाहिए। जितना भी हर संभव सहयोग होगा खिलाड़ियों को अपने स्तर पर वो करेंगे। इस मौके पर नसीब घसो, नवीन, सोनू, मंदीप मौजूद रहे।

### बस अड्डे से युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** बस अड्डे से युवती के गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रानीला निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बस में अपनी बेटी के साथ नरवाना की तरफ जा रही थी। जींद बस अड्डे पर पहुंचने पर उसकी बेटी बस से नीचे उतर गई। जो वापस नहीं लौटी।

### अन्न वितरण समारोह चौदह जनवरी को

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 जनवरी को नरवाना रोड पर अन्न वितरण समारोह का आयोजन करेगा। प्रधान रामनिवास अहीरका ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ व नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश शिरकत करेंगे।

### पांच दिवसीय दिव्यांग पहचान कैंप 18 से शुरू

**जींद।** जिला रैडक्रॉस सोसायटी के प्रधान एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से अल्मिकों कंपनी द्वारा व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग व अन्य सहायक उपकरण फ्री वितरित करने के लिए पांच दिवसीय पहचान कैंपों का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा। सचिव रवि हुड्डा ने बताया कि जिला में अल्मिको मोहाली द्वारा पांच दिवसीय कैंप विभिन्न ब्लॉको में आयोजित किया जा रहा है।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी तक

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई गई है। पहले अंतिम प्रकाशन पांच को होना था लेकिन अब अंतिम प्रकाशन 22 को किया जाएगा। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि एक जनवरी को क्वालीफाई तिथि मानकर सूची के पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची का प्रकाशन किया जाना है।

### तीन कमरों के ताले टूटे कृषि उपकरण चोरी

**जींद।** कलौदाखुर्द में बीती रात चोरों ने खेतों में बने तीन कमरों के ताले तोड़ कर कृषि उपकरणों का चोरी कर लिया। पुलिस ने किसानों की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलौदाखुर्द निवासी मनजीत ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने ताले तोड़ कर रखे कृषि उपकरणों को चोरी कर लिया।

### युवाओं की आवाज, किसानों की उम्मीद दीपेंद्र : अभिजीत

**उचाना।** कांग्रेस नेता अभिजीत ने कहा कि कांग्रेस राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा युवाओं की आवाज, किसानों की उम्मीद है। तीनों कृषि के काले कानूनों के खिलाफ राज्यसभा में किसी ने आवाज उठाई तो वो दीपेंद्र हुड्डा थे। प्रदेश में 10 लोकसभा के अलावा जो प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य भाजपा के है किसी ने भी आवाज नहीं उठाई।

गोल स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची

# अंत्योदय के सपने को पूरा करने के लिए किए जा रहे काम : सैनी

केंद्र व हरियाणा सरकार पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद





जींद। भारत विकास यात्रा में आए लोगों को संबोधित करते व एकता की शपथ लेते नगर परिषद अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

केंद्र व रा'य सरकार अंत्योदय के सपने को पूरा करने के लिए प्रयासरत है और इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा वास्तव में अंत्योदय के सपने को साकार करने में अहम साबित हो रही है।

बुधवार को नगर परिषद जींद क्षेत्र वार्ड नं 17 से 20 तक राजकीय महाविद्यालय जींद व 21 से 24 वार्ड तक गोल स्कूल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बोलते हुए चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी नगर परिषद जींद ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा कर अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत है और लोगों की भलाई के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को उनके घर द्वार जाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का वास्तव में लोगों को लाभ हो रहा है और मौके पर ही लोगों की समस्याएं दूर हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। जिला और पूरे हरियाणाभर में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है, उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यअतिथियों ने सभी स्टॉलों पर मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने वार्ड वासियों से भी से यात्रा का फीडबैक लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन बनाने के कार्य को शुरू करके पेंशन धारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलें लगा कर लोगों को सरकार द्वारा लागू की गई परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, चिरायु हरियाणा, मुद्रा योजना, स्वच्छता, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, उड़ान योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं व नीतियों बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच तथा निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। इस मौके पर जिला नगरायुक्त सुरेंद्र बेनीवाल, प्रिंसिपल डा. सत्यवान मलिक, डा. 'योति श्योराणख डा. सविता पूनिया, कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश, अशोक डांगी, नगर पार्षद सजंय वत्स, महाबीर रेढ्ढ, सतपाल कुंडू, बलवंत सिंहमार, डा. बलबीर श्योराण, सतीश हरयाणवी, सैनी महापंचायत संगठन प्रदेश अध्यक्ष विजय गोरायन आदि मौजूद रहे।



जींद। मंच पर मौजूद शिवनारायण शर्मा, वृंदा शर्मा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## जींद में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाए: शिव नारायण शर्मा

- शहर में प्रदर्शन कर नगराधीश को सौंपा जींद के विकास की मांगों का ज्ञापन
- मांग को लेकर सड़कों पर उतरा मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के आह्वान पर जींद के विकास की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर लघु सचिवालय पहुंच कर नगराधीश डा. नमृता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जींद के विकास की लगातार की जा रही अनदेखी पर संगठन पदाधिकारियों ने जमकर कटाक्ष किए और कहा कि अब अगर जींद का विकास चाहिए तो सभी को एकजुट होन होगा। मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन हर हाल में जींद के विकास को लेकर कटिबद्ध है। प्रदर्शन से पहले मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के कार्यकर्ता पुरानी अनाज मंडी में एकत्रित हुए। संगठन के संयोजक शिवनारायण शर्मा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य जिला जींद का विकास है। आज जींद के हालात किसी से छुपे नही है। जींद के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों या जिलों में जाना पड़ रहा है। शहर में कोई पर्यटन स्थल नही है। जो पर्यटन स्थल हैं, वो रखरखाव ठीक न होने के चलते बदहाली की कागार पर हैं। इसके अलावा शहर की सड़कों की खस्ता हालत सभी जानते हैं। ऐसे में संगठन ने जींद के विकास के अहम मुद्दे को उठाने का प्रयास किया है। शिवनारायण शर्मा ने कहा कि संगठन के मुख्य उद्देश्यों में पहला उद्देश्य जिला जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनवाना है। जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके। दूसरा उद्देश्य जिला जींद में रानी तालाब, पुराना बस स्टैंड, अर्जुन स्टेडियम को मिला कर पर्यटन स्थल बनवाना है, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा व सरकार को टैक्स मिलेगा। तीसरा उद्देश्य हांसी रोड स्थित बीड में उचित प्रकार से जू बनवाना है। जिससे लोगों को रोजगार मिले व जिला जींद एक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो। चौथा उद्देश्य शहर में सड़कों व गलियों का सेम लेवल रख कर पानी के निकासी की व्यवस्था की जाए। वृंदा शर्मा ने कहा कि एनसीआर से यहां के लोगों को फायदा नहीं बल्कि नुकसान हुआ है।

## कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया

- मोती लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय प्रांगण में एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



जींद। शिविर में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

मोती लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय प्रांगण में शिविर के पांचवें दिन बच्चों को समय का महत्व, कड़ी मेहनत और एनएसएस से अवगत करवाया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि अर्थशास्त्र प्रो. डा. संदीप बूरा ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को इस प्रकार के शिविरों में बढ़चढ़कर भाग लेने, कड़ी मेहनत, सहनशीलता और एनएसएस के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय एक मूल्यवान संसाधन है, जो हमें अपने जीवन को सफलता और समृद्धि की ओर ले जाने में मदद करता है। सहनशीलता का शाब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना और उन्होंने परिस्थितियों के बारे में बताया कि जिंदगी में कई बार ऐसे पड़ाव, वक्त आता है कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं एसमझ में नहीं आता है। उन्होंने समझाया कि उन परिस्थितियों में आपको सब्र रखना चाहिए और एकांत में लाने का प्रयास करना चाहिए। सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। उनके लिए विद्यालय में एनएसएस शिविर के प्रतिभागियों को प्रेरित करना एक रोमांचक अनुभव था। शिविर अतिथि के भाषण से गूंज उठा, जिसने प्रत्येक छात्र को समय का महत्व और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### सीएम ने दर्शन अयोध्या धाम गीत को किया रिलीज

**जींद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर लोक कलाकार एवं लोक गायक रविशंकर शर्मा द्वारा गाया गया गीत दर्शन अयोध्या धाम के लैपटॉप का बटन दबा कर रिलीज किया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने रविशंकर शर्मा एवं उनकी टीम को इस गीत के रिलीज होने पर बधाई भी दी इसके साथ-साथ साथ उन्होंने कहा कि हरियाणा की लोक कला संस्कृति को बढ़ावा देने में लोक कलाकारों का अहम योगदान है। प्रदेश सरकार ने हरियाणा के कलाकारों एवं हरियाणा की लोक कला विधा को बढ़ावा देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। जिससे कलाकारों को रोजगार मिलने के साथ-साथ उन्हें सरकार द्वारा सम्मान भी दिया जा रहा है। आज हरियाणा की कला संस्कृति विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बन चुकी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र, सरस्वती कला मंच के संरक्षक रामभज शर्मा, अंकित शर्मा, रितु शर्मा, मनजीत सहित टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। साहित्यकार एवं गीतकार नरेंद्र अत्री संतोषी ने गीत को लिखा है।

## सीट किसी नेता की बापौती नही : दीपक

- किसी लंगड़े घोड़े पर नहीं खेला जाएगा दाव, समर्पित कार्यकर्ता का दी जाएगी त्वज्जो

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया ने कहा कि सीट या क्षेत्र किसी नेता की बापौती नही है। ना ही कांग्रेस किसी लंगड़े घोड़े पर दाव लगाएगी। उस कार्यकर्ता को चुनाव में उतारा जाएगा जो कांग्रेस को समर्पित है और उसका जनता में रसूख है। उनका पिछला रिकार्ड भी देख जाएगा। जिला स्तर संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी। संगठन मे जिलाध्यक्ष के साथ कार्यकारी अध्यक्ष भी होगा। कहा कि भाजपा जाति-धर्म तथा मशीन में गड़बड़ कर बंटवारा कर रही है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रह कर कांग्रेस की मजबूती के कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। दीपक बावरिया बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कहा कि भाजपा किसानों की अपेक्षा कर रही है, चालकों हडताल पर हैं। राशनकार्ड तो बना देते हैं लेकिन गरीबों को राशन नही देते हैं। विधायक सुभाष गांगोली, प्रमोद सहवाग, करतार सैनी, अंशुल सिंगला, रघुबीर भारद्वाज, पवन गर्ग, प्रदीप गिल, रिषीपाल हैबतपुर, बलजीत रेढ्ढ आदि मौजूद रहे।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### डीएन मार्डल स्कूल की छात्रा सरोज बनी रोल मार्डल

**जींद।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलालपुर खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में डीएन मार्डल स्कूल की छात्रा सरोज पुत्री परमजीत को रोल मार्डल के लिए चयनित किया गया है। सरोज ने दसवीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षा मार्च 2023 में 500 में से 497 अंक प्राप्त करके हरियाणा प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए सरोज को रोल मार्डल के तौर पर बच्चों के सामने प्रस्तुत किया गया ताकि बच्चे सरोज से प्रेरणा लेकर भविष्य में मेहनत करके कामयाबी हासिल करें। छात्रा सरोज के विद्यालय में पहुंचने कर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। छात्रा सरोज ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए जिससे कि दूसरे बच्चे भी प्रेरित हो सकें। अंत में छात्रा सरोज को राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलालपुरखुर्द की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और स्कूली बच्चों को इसी तरह मेहनत करने का आह्वान किया। इस मौके पर डीएन मार्डल स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र ढिल्लो ने सरोज को शुभकामनाएं दी तथा उसके उ'जवल भविष्य की कामना की।

## 51 युवाओं ने किया रक्तदान

- आरोग्यम अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जुलाना



रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य।

जुलाना कस्बे के आरोग्यम अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भलेगिरी महाराज ने शिरकत की। इसके अलावा योगी संजीव नाथ, बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल, नवीन दहिया, थाना प्रभारी समरजीत सिंह ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। रक्तदान शिविर में 51 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को बैज लगा कर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए भलेगिरी महाराज ने कहा कि रक्त का कोई और अन्य विकल्प नही है। इसे केवल मानव शरीर द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। विधायक इंदुराल नरवाल ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई भी कमी नही आती है बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। इस मौके पर समाजसेवी देवेंद्र लाठर ने 41वीं बार रक्तदान किया। देवेंद्र लाठर ने कहा कि रक्तदान करना एक पुण्य का काम है। युवाओं को चाहिए कि वो ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें। डा योगेश नांदल ने कहा कि युवाओं को नियमित रक्तदान करना चाहिए।



जींद। एनएसएस शिविर के दौरान दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं।

### एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वच्छता का दिया संदेश

**जींद।** सुप्रीम स्कूल में आयोजित एनएसएस कैंप में कुंगरिया विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी की प्राचार्या राजश्री ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को स्वच्छ भारत के बारे में बताते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिल कर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता, साफ.-सफाई तथा खुले में शौच के उन्मूलन को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की सामान्य गुणवत्ता में सुधार लाना है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी ने भी एनएसएस स्वयंसेवकों की हौंसलाअफजाही की और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

स्वास्थ्य निरीक्षक ने पांच उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

## टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अलेवा



चांदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती का टीकाकरण करती एएनएम रीनू शर्मा।

सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल के निर्देशानुसार बुधवार को स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने नगूरां पीएचसी चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने तथा नियमित टीकाकरण के तहत नगूरां, चांदपुर, दिल्लूवाला, रायचंदवाला, शाहपुर आदि उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने नगूरां, चांदपुर गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं व लोगों को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों जैसे काली खांसी,गल घोटू, दिमागी बुखार, टेटनेस, पोलियो, दस्त, खसरा, निमोनिया तथा टीबी आदि रोकथाम के लिए टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वह गर्भवती महिलाएं जिनमें खून की कमी है, सर्दी के मौसम में पालक, बथुआ, मैथी, गाजर, चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, गज्जक तथा फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम युक्त गोलियों का सेवन करें ताकि उनका स्वास्थ्य स्वस्थ रह सके। जिन महिलाओं में खून की कमी है उनके लिए पीएचसी नगूरां पर आइपीडी की सुविधा के अंतर्गत आयरन सुक्रोज के टीके उपलब्ध है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर गलघोटू तथा टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली औपचारिक सुविधाएं जैसे खून, बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, बल्गम की जांच व प्राथमिक उपचार की सुविधा आयुष्मान कार्ड धारक के लिए मुफत में उपलब्ध है। अगर पीएचसी में बीमारी के ईलाज के लिए आएं तो आयुष्मान कार्ड लेकर आएं ताकि स्कीम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों को मिल सके।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित के लिए चलाई योजनाओं का लाभ लेना चाहिए ताकि जीवन को स्वस्थ बनाया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी संजय कुमार, विनोद कुमार, कुलदीप तथा एएनएम राजबाला, हरिता, नवीन, सुषमा, रीनू शर्मा, सविता, संतोष, सुनिता के अलावा आशा वर्कर सीमा, मंजू, राजेश, धर्मदेई आदि उपस्थित थी।



जींद। बच्चों से बातचीत करते अनिल मलिक। फोटो :हरिभूमि

### सामाजिक सशक्तिकरण में भूमिका निभाएं युवा

**जींद।** गांव मनोहरपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप में स्वयंसेवकों को बच्चों की सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वयंवकों को संबोधित करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक अनिल मलिक ने कहा कि सीख रहे हो आप, सेवा जो कर रहे हो समझो खुद से, संवर रहे हो, शिक्षा का मंदिर है यह जहां तुम पढ़ रहे हो, ज्ञान हासिल करो कौशल भी विकसित करो। स्वयं से पहले आप के महत्व को समझ कर स्वयं को इतना काबिल बना लो की सामाजिक सशक्तिकरण में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। सबसे पहले मौजूदा हालात, माहौल, हम समूह, सोशल मीडिया, हामार्ेनल बदलाव, भावनात्मक विकास की समझ बढा कर स्वयं की सुरक्षा के मध्य नजर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें, शारीरिक भावनात्मक परिवर्तन की समझ बढ़ाएं, खुद को तैयार करें कि आप सामाजिक सशक्तिकरण हेतु कैसे अपना योगदान दे सकते हैं। बाल सुरक्षा, किशोर मार्गदर्शन, युवा सहयोग अगर होगा तो सब साथ साथ होंगे और किसी बात की कमी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पबनावा में शहादत दिवस 7 जनवरी को

**ढांड।** गांव पबनावा में 7 जनवरी को बिजली आंदोलन में शहीद हुए किसान मामचंद व लखपत का शहीदी दिवस मनाया जायेगा। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने दी। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम में संगठन के सदस्य बढ़ -चढ कर हिस्सा लेंगे।

### मिशन कर्मयोगी के तहत बच्चों को दी ट्रेनिंग

**पूंडरी।** जिले के सभी खंडों में हरियाणा लोक प्रबंधन संस्थान गुरुग्राम (हिपा) द्वारा प्रत्येक खंड में मिशन कर्मयोगी हरियाणा के तहत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में 35वें समूह को ट्रेनिंग दी गयी। ट्रेनिंग का उद्देश्य कर्मचारियों में अपने कार्य को लेकर अपने उत्तरदायित्व को निभाना, क्षमता विकास, सेवा भाव जागृत करना है।

### चंद्रपति इंसां के पार्थिव शरीर का किया दान

**कैथल।** ब्लॉक कैथल के देवीगढ़ ,जोन नंबर 3 निवासी माता चंद्रपति इंसा (69) के मरणोपरांत उनके स्वजनों ने उनकी देहदान व नेत्रदान किया। चंद्रपति इंसा की पार्थिव देह को मेडिकल शोध कार्यों के लिए वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च हॉस्पिटल गुरावर झज्जर (हरियाणा) को दान किया गया है। वहीं उनकी आंखें सेवा संघ कैथल में दान की गई है।

### स्वयंसेवकों को मिला प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण

**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल मे चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी कैथल से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक एवं होमनसिंग प्राध्यापिका अंजु शर्मा ने बच्चों को बताया कि इस प्रशिक्षण में सिखे गए तरीकों से वे हादसों में घायल लोगों की सहायता कर सकते हैं।

### पुलिस ने 10 मोबाइल फोन बरामद किए

**कैथल।** साइबर सैल कैथल पुलिस द्वारा 10 व्यक्तियों के गुमशुदा महंगे मोबाइल फोन ट्रेस आउट करके बरामद किए गए बुधवार की सुबह डीएसपी उमेद सिंह द्वारा उनके कार्यालय में उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामद किए गए सभी 10 मोबाइल फोन करीब 1 लाख 60 हजार रुपए से ज्यादा मूल्य के आंके गए हैं।

### राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार आपसी भाईचारा

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम में एनएसएस शिविर के चौथे दिन मुख्य अतिथि अमरनाथ शर्मा पूर्व मिडिल हेड रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण कर्तव्य, परायणता, सामाजिकता की भावना पर चलने का संदेश दिया। अमरनाथ शर्मा ने स्वयंसेवकों को बताया कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार आपसी भाईचारा व बंधुत्व है।

### साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**कैथल।** जाट स्कूल कैथल में जाकर आए दिन हो रहे साइबर फ्रॉड जागरूकता के लिए राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइबर क्राईम थाना के पी/एसआई शुभ्रांशु की टीम द्वारा एनएसएस कैंप दौरान स्कूल में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय सुझाए।

### स्वयंसेविकाओं ने किया योगाभ्यास

**कैथल।** राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ डॉक्टर सुनील कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूण्डरी और जिला कोर्डिनेटर विजेंद्र कुमार ने किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का वार्षिक स्वागत किया। स्वयसेविकाओं ने शुभारंभ योगाभ्यास से किया। प्रथम सत्र में डा. सुनील ने मौसमी बीमारियों के प्रति जागरुक किया।

### गांव रताखेड़ा कड़ाम में पशु अस्पताल का किया उद्घाटन

# सरकपुर व रताखेड़ा कड़ाम में पहुंची विकसित संकल्प यात्रा

**विधायक ईश्वर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला-चीका। विधायक ईश्वर सिंह रताखेडा कडाम में जन संवाद कार्यक्रम में स्टालों का अवलोकन करते हुए फोटो : हरिभूमि

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार आमजन की सेवा के लिए कृत संकल्प होकर कार्य कर रही है, जिसका लाभ आमजन मानस को मिल रहा है। विभिन्न योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से संबंधित व्यक्तियों तक सीधा पहुंचाया जा रहा है। विकासात्मक परियोजनाओं के साथ-साथ आमजन विशेषकर गरीब व्यक्तियों के कल्याणार्थ निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रदेश व देश आत्म निर्भर तभी कहलाता है, जब आमजन को सभी सुविधाएं मिले। बराबर का हक मिले। इसी दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव सरकपुर में 29 लाख 13 हजार रुपए धनराशि सरकपुर से ग्राम रोड सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य पर खर्च होगी,24 लाख 60 हजार रूपए की धनराशि से गांव में गांव में ट्यूबवेल का निर्माण करवाया गया। गांव में 9 लाख 53 हजार रूपए की लागत से ट्यूबवेल व पाइप लाइन का निर्माण करवाया जायगा इसके निर्माण कार्य की टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक ने गांव सरकपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 11 लाख 88 हजार रुपए की धनराशि से हो रहे विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव रताखेड़ा कड़ाम मे 2 लाख 40 हजार रुपए की धनराशि पीडब्ल्यूडी रोड़ से मलकीत सिंह के खेत के रस्ते पर खर्च होगी,2 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि से गांव में एससी चौपाल का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। इसी प्रकार 5 लाख रुपए की धनराशि से कुलवंत सिंह की गली का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया, 11 लाख 26 हजार रुपए की धनराशि से गांव में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया, 43 लाख 30 हजार रूपए की धनराशि रताखेड़ा कड़ाम से मोहनपुर चल रहे सड़क निर्माण कार्य पर खर्च होगी। विधायक ने गांव रताखेड़ा कड़ाम में 31 लाख 68 हजार रूपए की लागत से बने पशु अस्पताल का उदघाटन भी किया। विधायक ने गांव रताखेड़ा कड़ाम के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 10 लाख 27 हजार रुपए की धनराशि से हो रहे विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।



### संकल्प यात्रा का किया जोरदार स्वागत

**राजौंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव कोटड़ा, संतोख माजरा, लैंडरपीरजादा, तारावाली, भानपुरा तथा माघोमाजरी पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने जोरदार यात्रा का स्वागत किया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉले लगाई गई तथा सरकारी स्कीमों की जानकारी के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को मौके पर योजनाओं का लाभ भी दिया। लोगों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई। कोटड़ा और संतोख माजरा गांव में बीजेपी नेता कपिल दीक्षित, भानपुरा में हरिचंद जांगड़ा, माघोमाजारी में सीईपीओ अनुराग दत्त, लैंडरपीरजादा में बीजेपी नेता सुरेश गर्ग, तारावाली गांव में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावाली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रमों में मुख्यातिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी लोगों के लिए काफी हितकारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर यात्रा के माध्यम से लोगों सरकारी की योजनाएं पहुंच रही है। किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी लोगों को नहीं आने दी जा रही। कार्यक्रमों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ जागरूकता वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी दिखाई गई। आयुष्मान लाभार्थियों को लाभ देने के साथ-साथ किसानों को नैनो यूरिया के बारे में विस्तार से बताया।

## नशे से होनेवाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया

■ एनएसएस समाजसेवा का ऐसा माध्यम जो समाज को दे सकता है नई दिशा : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में प्राचार्या साधना बख्शी के निर्देशन में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के आज चौथे दिन स्वयंसेवकों के लिए जीवन में काम आने वाली बातों एवं प्रेरणादायक भाषण और नशा मुक्त अभियान टीम ने नशे से हाने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया। एनएसएस जिला संयोजक विजेंद्र सिंह एवं नशा मुक्त अभियान टीम, पुलिसद्ध कैथल से इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल मुख्यातिथि के रूप उपस्थित हुए। एनएसएस के जिला संयोजक विजेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस समाजसेवा का एक ऐसा माध्यम है जो समाज को नई दिशा दे सकता है।




### व्यक्तिगत नेतृत्व क्षमता करें विकसित : ढुल

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसला-सिसमौर में मुख्य अतिथि जिला पार्षद भारत ढुल ने एनएसएस स्पेशल कैंप का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य सुखपाल ने इस उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेश ढुल ने मुख्य अतिथि भारत ढुल एवं प्रधानाचार्य सुखपाल का उद्घाटन समारोह में उपस्थित होने पर हार्दिक स्वागत किया। भारत ढुल ने एनएसएस स्वयंसेवकों से जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य सुखपाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छता के स्वप्न को पूरा करने में सहयोग करने की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेश ढुल जी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को व्यक्तिगत नेतृत्व करने की क्षमता को विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान को पूरा करने की शपथ दिलाई। कैंप के उद्घाटन समारोह मे प्राध्यापक मुकेश, रमा, राजकुमार, कृष्ण कुमार लिपिक, नरेंद्र मौजूद रहे।

## एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के छात्र पुनीत ने जीता कांस्य पदक

■ बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 92 किलोग्राम हैवी वेट कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के स्पोर्ट्स विभाग के छात्र पुनीत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 92 किलोग्राम हैवी वेट कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया, यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप जो दिसंबर माह में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई। यह जानकारी विश्वविद्यालय खेल निदेशक डॉ.बलविंदर सिंह ने दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) शमीम अहमद ने छात्र को उसके प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को हर स्तर की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा विश्वविद्यालय में उपलब्ध करवाई जाएगी।

### एनएसएस स्वयंसेवकों का किया मार्गदर्शन

**राजौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन किया। बच्चों को समय पर कार्य करने व सभी से सहानुभूति रखने को बारे प्रेरित कि। इस दौरान शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अकाउंटेंट ऋषिपाल, क्लर्क कुलदीप वर्मा, प्रदीप व श्रवण कोटड़ा से एबीआरसी सुनील कुमार, सेरहदा से एबीआरसी संदीप व कोटड़ा से आईओएलएम अंकुर ढुल मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने स्वंम सेवकों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां अपना कर अपने सवांगीण विकास करने पर ध्यान देने पर जोर दिया। प्रिंस आईटी स्पेशल अध्यापक ने साइबर सेफ्टी के बारे में जागरूक किया।

## साइबर क्राइम से बचने की दी जानकारी

■ जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डा. विनय गुप्ता को सम्मानित करते जाट कालेज के प्राध्यापक।

जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विनय गुप्ता सिविल अस्पताल कैथल ने शिरकत की। विद्यार्थियों ने एनएसएस क्लप के द्वारा डॉक्टर विनय गुप्ता का स्वागत किया और कार्यक्रम अधिकारी जसवंत कैंदल ने विनय गुप्ता को एनएसएस कैप पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कैंप के दौरान अनेक सांस्कृतिक प्रोग्राम दिखाएं गए ,जिनकी प्रशंसा मुख्य अतिथि के रूप में आए विनय गुप्ता ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को एडस नामक बीमारी के बारे में बताया उन्होंने उन कारणों का वर्णन किया जिसे इस प्रकार की बीमारी फैलती है और उनके समाधान के उपाय का भी वर्णन स्वयंसेवकों के सामने किया। उन्होंने अपने भाषण के दौरान विद्यार्थियों को मोबाइल फोन व्हाट्सएप फेसबुक जैसी बीमारियां भी एक प्रकार से मनुष्य को साइकोलॉजीकल रूप में बीमार करती हैं । दोपहर के समय में मुख्य अतिथि के रूप में साइबर क्राइम से ढरक शुभ्रांशुऔर उसकी टीम पहुंची उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में बताया और उन्होंने यह भी बताया कि हम साइबर क्राइम से अपने आप को किस प्रकार बचा सकते हैं उन्होंने साथ में बताया कि यदि हमारे साथ कोई भी साइबर ठगी होती है तो हम- 1530 पर अपनी शिकायत कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी जसवंत केंदल और परमिल धारीवाल ने मुख्य अतिथियों का शिविर में पहुंचने पर धन्यवाद किया इस अवसर पर संदीप जागलान ,विकास कंडोला व अन्य अध्यापक उपस्थित थे।

### किसी भी समाज व राष्ट्र की पहचान उसके युवा

**पूंडरी।** डीएवी कालेज पूंडरी की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से गांव हाबडी में 7 दिवसीय शिविर का उद्घाटन सरपंच प्रतिनिधि द्वारा किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता डीएवी कालेज पूंडरी के प्राचार्य डा. सुभाष तंवर ने की। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा समाज का भविष्य है। किसी भी समाज व राष्ट्र की पहचान उसके युवा होते हैं। सरपंच प्रतिनिधी ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि डीएवी कालेज पूंडरी के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं समाजसेवा के कार्य के लिए गांव हाबड़ी में शिविर लगा रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. वैभव दत्त शर्मा ने बताया कि शिविर का विषय 'आत्मनिर्भर भारत में एनएसएस के स्वयंसेवको की भूमिका रखा गया है।

## 7 जनवरी को ढांड में होगा श्रद्धांजलि समारोह

■ कहा : किसान हित के लिए हर आंदोलन व संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



ढांड। युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) हरियाणा के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने कहा कि निंसिंग गोलीकांड में शहीद हुए किसान मामंचद व लखपत के शहीदी दिवस पर आगामी 7 जनवरी को गांव ढांड में पुराने कुरुक्षेत्र रोड पर नई अनाज मंडी के प्रमुख गेट के पास स्थित भाकियू कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाऐगा। जिसमें किसान एकजुट होकर शहीद किसानों को उनकी शहादत पर नमन करने के साथ उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रण लेंगे। कस्बे में स्थित भाकियू कार्यालय में एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए राजीव आर्य ने कहा कि धरतीपुत्र किसानों के हितों के लिए भाकियू कोई भी कुबार्नी देने से पीछे नहीं हटेगी और ना ही किसानों के हितों पर कोई आंच आने देगी। किसान हित के लिए हर आंदोलन व संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। किसान हित उनके लिए सर्वप्रिय है। राजीव आर्य ढांड ने कहा कि 7 जनवरी को ढांड कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह से पहले गांव पबनावा व गांव चुहड़माजरा में स्थित शहीद किसान मामचंद व लखपत की प्रतिमा पर पुष्प व फूलमालाएं अर्पित कर नमन किया जाऐगा। शहीद श्रद्धांजलि समारोह में किसानों व मजदूरों को बढ़-चढकर भाग लेने का समूचे जिला सहित प्रदेश के अन्य जिलों में जाकर निमंत्रण दिया जाऐगा, जिसमें किसान एकजुट होकर किसान हितों की रक्षा के लिए रणनीति तय करेंगे। किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों को फसलों के पंजीकरण करवाने में आ रही दिक्कतों को सरकार को किसान हित में दूर करना चाहिए, ताकि सभी किसान अपनी फसलों का सही समय पर पंजीकरण करवा सके क्योंकि कई बार देखने में आता है कि किसान जब पोर्टल पर पंजीकरण करवाने जाते है तो पोर्टल सरवर डाउन हो जाता है, धीमा चलता है या पीछे से बंद हो जाता है।



### सीवन ब्लॉक के तीन अध्यापक को सावित्री बाई फूले के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में किया सम्मानित

**सीवन।** आज भारत की प्रथम नारी शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के जन्म दिन पर बहुजन समाज वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया बी.एस.डबल्यू ऐ ने शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य समाज में शिक्षा को जन जन तक प्रचार व प्रसार करना था। जिसके लिए बसवा टीम गांवों और शहरों में गरीब बच्चों के लिए मुफ्त पुस्तकालय खोलना है। आज इस अवसर पर ब्लॉक सीवन के तीन शिक्षकों को उनके शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. करनैल सिंह बीआरपी, गोपाल दास टीजीटी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन तथा रघबीर सिंह प्राध्यापक अर्थशास्त्र सभी को शाल, स्मृति चिन्ह तथा प्रशंसा पत्र प्रदान कर बसवा टीम द्वारा श्रेष्ठ अध्यापक के रूप में सम्मानित कर शिक्षक समाज का गौरव बढ़ाया।

### प्रेमपुरा को स्वस्थ व स्वच्छ रखने का उठाया बीड़ा

# सरपंच ने निजी कोष से गांव को दी एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




कैथल। प्रेमपुरा की एंबुलेंस।

ग्राम पंचायत को छोटी सरकार के नाम से भी जाता है। यदि छोटी सरकार सही तरह से अपनी डयूटी का निर्वहन करे तो गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है ग्राम पंचयत प्रेमपुरा की छोटी सरकार ने। ग्राम सरपंच परविंद्र कौर और सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने गांव को स्वस्थ तथा स्वच्छ बनाने का जो बीड़ा उठाया था, उसका असर अब सरेआम देखने को मिल रहा है। प्रेमपुरा को यदि शहर कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योकि पूरे गांव में कोई भी नाली या नाला दिखाई नहीं देगा क्योंकि पूरे गांव में सीवरेज लाइन तथा भूमिगत पाईपलाइन बिछाई गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि को देखते हुए सतनाम सिंह द्वारा अपने निजी कोष से गांव में एंबुलेंस का प्रबंध किया हुआ है। आपात स्थिति में न केवल ग्रामीण बल्कि आसपास के दर्जनों ग्रामीण भी इस एंबुलेंस का लाभ उठाते हैं। यह सेवा 24 घंटे ग्रामीणों की सेवा में उपलब्ध है।



सतनाम सिंह

#### शहर की तर्ज पर लगे सांकेतिक बोर्ड

गांव में शहर की तर्ज पर हर गली व मोड पर सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं। हरियाली की दृष्टि को लेकर गांवों में समय-समय पर पौधारोपण अभियान भी चलाया जाता है। यही नहीं गांव को स्वच्छ रखने के मद्देनजर डस्टबीन भी रखवाए गए हैं। सतनाम सिंह ने बताया कि उन्हें सभी ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। सभी ग्रामीण गांव को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में पूरा योगदान दे रहे हैं। इससे हम अपने अभियान में सफल हो रहे हैं।



### आदर्श स्कूल जखौली में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता करवाई, बच्चों ने बनाई कलाकृति

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जखौली में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता छटी कक्षा से आठवीं कक्षा के बच्चों के बीच करवाई गई। जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने अलग अलग टाइटल्स के माध्यम से अपनी अपनी कला को चार्ट पर उतारा। बच्चो की कलाकृति देखते ही बनती थी। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चो के मन में कला के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करती है और साथ में हस्त कला का विकास होता है। इस दौरान पवन शर्मा, अजय कुमार, संदीप कुमार, सुनीता व बलराज सहित सभी स्कूल स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

### प्राथमिक उपचार और नसिंर्ग की ट्रेनिंग दी

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार और नसिंर्ग का प्रशिक्षण दिया गया। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी से आए ज्ञानचंद भल्ला जी ने स्वयंसेवकों को किसी भी दुर्घटना के समय डॉक्टर के न पहुंचने तक या मरीज को अस्पताल न पहुंचने तक उपलब्ध करवाई जाने वाली प्राथमिक सहायता की विभिन्न विधियों के बारे में जानकारी दी गई। ताकि दैनिक वातावरण में घटित होने वाली किसी भी दुर्घटना के वक्त स्वयंसेवक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्ति को अगर उचित प्राथमिक उपचार मिल जाता है तो उसकी जान बच सकती है।

## खबर संक्षेप



जींद। पदक विजेता छात्रा के साथ प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

### काजल ने निशानेबाजी में जीता गोल्ड

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की छात्रा काजल ने 28 से 31 दिसंबर तक पंजाब विश्वविद्यालय में हुई आल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल और ब्रॉज मेडल प्राप्त किया। प्राचार्या डा. पूनम मोर, शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका मीना मलिक ने बताया कि काजल ने इंडियन राउंड में व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

### युवती को बहला-फुसलाकर घर से ले गया अज्ञात आरोपी

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक को नामजद किया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि एक जनवरी को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से ले गया। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के दो मामलों में नौ के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** पुलिस ने मारपीट व धमकी के दो अलग-अलग मामलों में 9 व्यक्तियों को नामजद किया है। पहले मामले में गांव अरनोली की चरणजीत कौर ने चीका थाना में शिकायत दी कि एक जनवरी को सुबह करीब 11 बजे आरोपी गोल्डी, सब्बी, मीना व पिंटू ने उसे डंडे व थप्पड़-मुक्कों से पीटा। आरोपियों ने उनके मोटरसाइकिल को नुकसान पहुंचाया।

### स्वर्ण जीत विकास देश का नाम किया रोशन

**जींद ।** एक किसान परिवार से संबंध रखने वाली जींद जिले के सुदकैन खुर्द गांव की विकास राणा द्वारा जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्रॉस कंट्री स्कीइंग में स्वर्ण पदक जीतने पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने खुशी जताई है।

### गठबंधन सरकार से हर वर्ग दुखी व परेशान

**पूंडरी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड़ ने कहा कि मौजूदा प्रदेश की गठबंधन सरकार से हर वर्ग दुखी व परेशान होकर सत्ता परिवर्तन चाहता है और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल को याद कर रहा है। आज करनाल मार्ग स्थित प्रतिष्ठान पर बातचीत कर रहे थे।

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने शहर की एक कॉलोनी की 25 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में छह व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। युवती ने महिला थाना में शिकायत दी कि करीब एक वर्ष पहले उसकी जान-पहचान हरमीत सैनी नामक युवक के साथ हुई थी।

---

### सैनी ने किया कोटिकुट तथा बलवंती के वेदवती तीर्थ के सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास

# सरकार ने सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने का काम किया

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि करीब 95 लाख की आएगी लागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश की सांस्कृतिक,धार्मिक विरासत को सहेजने और सरंक्षण देने का काम किया है। देश व प्रदेश के धार्मिक तीर्थ स्थलों का निरंतर जीर्णोद्वार व सौंदर्यकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरूक्षेत्र की 48 कोस की परिधि में पड़ने वाले सभी तीथार्ं का जीर्णोद्वार करने का बीड़ा उठाया है। जिसके तहत सभी तीथार्ं पर करोड़ों रूपए की राशि खर्च की गई है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी ने बुधवार को करीब 95 लाख से होने वाले क्योड़क के कोटिकुट तथा बलवंती के वेदवती तीर्थ के सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास करने के दौरान बोल रहे थे। इस मौके पर विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी समिति चैयरमेन मदन मोहन छाबड़ा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि आज देश के सभी तीर्थों को बदलने का काम किया गया है जिससे लोगों को हमारी आस्था के केंद्रो में भक्ति भाव से पूजा अर्चना करने का माहौल मिल रहा है। हमारे धार्मिक स्थानों को जो लुप्त हो रहे थे उन्हें प्रदेश व देश में बचाने का काम किया जा रहा है।

सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को समाप्त किया गया है। हरियाणा में आज एक अलग ही माहौल है। गरीबों को उनका हक दिलवाया जा रहा है।

केंद्र और राज्य सरकार केवल बात करने वाली नहीं ब्लकि काम करने वाली सरकार है जो कि संबंधित व्यक्तित्व को योजनाओं का लाभ सीधा पहुंचा रही है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में दिन-रात तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्योड़क व बलवंती के तीर्थ के विकास मे और गति तेज होगी। पहले तीथार्ं की हालत दयनीय थी उनका जीर्णोद्वार करके सौंदर्यकरण किया गया है।





कैथल। सांसद नायब सिंह सैनी ने किया क्योड़क के कोटिकुट के सौंदर्यकरण का शिलान्यास करते हुए तथा सांसद नायब सिंह सैनी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

#### सांस्कृतिक विरासत व स्वर्णिम इतिहास को जानने का मौका मिला : अशोक गुर्जर

बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर ने कहा कि भव्य व पौराणिक तीथार्ं के सौंदर्यकरण से आम जनमानस को इन तीर्थों पर आकर हमारी सांस्कृतिक विरासत व स्वर्णिम इतिहास को जानने का मौका मिल रहा है। इन तीथार्ं पर संबंधित गांव के साथ-साथ आसपास के श्रद्धालुओं को भी आने और घूमने का मौका मिल रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से आहवान किया कि गांवों में तीथंर् समिति बनाकर उनकी देखभाल करें। तीर्थ स्थलों का महत्व चरित्र निर्माण की दिशा में भी बड़ा महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर, मदन मोहन छाबड़ा, राव सुरेंद्र, जसबीर मिटठू, राजपाल तंवर, सुरेश संधू, संजय भारद्वाज, भीमसैन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

---



कैथल। बैठक में उपस्थित हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन। फोटो : हरिभूमि

## राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन ने सरकार का जताया आभार

- हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन ने बुधवार को सेक्टर 21 स्थित जिमखाना क्लब में राज्य स्तरीय बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन ने बुधवार को सेक्टर 21 स्थित जिमखाना क्लब में राज्य स्तरीय बैठक की। इस बैठक में राइस मिलरों से जुड़ी मांगों के पूरा होने पर प्रदेश के सभी राइस मिलर खुश दिखे। इस दौरान मिलरों ने सरकार की तरफ से सीएमआर के कार्य में देरी पर फिर से एक महीने का समय देने और इस पर जीएसटी पांच प्रतिशत करने पर अपनी संतुष्टि जताई। इसके साथ ही बैठक में फोर्टिफाइड चावल पर मिलरों को राहत देने पर भी अपनी सहमति जताई। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने बताया कि कई बार धान की सप्लाई देरी होने के चलते मिलर मजबूरन सीएमआर के तहत चावल निकलवाने का कार्य देरी से शुरू कर पाते हैं। इस साल भी कुछ ऐसा ही हुआ है। इसको लेकर कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सीएमआर चावल निकलवाने को लेकर सरकार से समय मांगा गया था। इसके साथ ही जीएसटी कम करने और फोर्टिफाइड चावल निकालने के नियमों के कुछ राहत प्रदान करने की मांग की थी। इस सभी मांगों को सरकार ने पूरा किया गया है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री सहित प्रदेश सरकार का आभार जताते हैं। छाबड़ा ने बताया कि सीएमआर चावल निकालने के लिए राइस मिलरों को अतिरिक्त समय देंगे।

#### मौजूद रहे

इस मौके पर सचिव राजेंद्र, मक्खन सिंह, सतीश कंसल, विजय जैन लाडवा, मोहन गर्ग असंध, ईश्वर गोयल, विनोद खन्ना जुडला, सौरभ गुप्ता करलाल, मोंटे अरोड़ा, कैथल जिला प्रधान सचिन मित्तल, नसीब सैनी टोहाना, करनाल के प्रधान राजकुमार, जय कुमार, मनोज गर्ग गुहला, अमन गोला, प्रवीन मुलाना, आशू जाखल, राजेंद्र गुप्ता व जगदीश सहित आदि राइस मिलर मौजूद थे।

---

## बधाना में 60 साल बाद पंचायती जमीन पर ट्रैक्टर की सहायता से लिया कब्जा

- कार्रवाई के दौरान पुलिसबल रहा मौजूद, कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा

जिला प्रशासन ने बधाना गांव में बुधवार को पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 60 साल बाद 15 एकड़ पंचायती जमीन पर ट्रैक्टर की सहायता से कब्जा ले लिया है।

डयूटी मेजिस्ट्रेट पंचायती राज एसडीओ सुभाष ने बताया कि करीब 60 साल से बधाना गांव के बेद, गुलाब आदि दर्जनों लोगों के साथ निचली तथा हाईकोर्ट में पंचायत का 15 एकड़ पंचायती जमीनी मामले को लेकर केस चल रहा था। जोकि फिलहाल फैंसला हाईकोर्ट ने पंचायत के पक्ष में दे दिया है।

बुधवार को डयूटी मेजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने पुलिस बल की मौजदूगी में करीब 15 एकड़ पर ट्रैक्टर की सहायता से कब्जा लेकर जमीन बागवानी रिजनल सैंटर बधाना को सौंप दी है। इस अवसर पर सरपंच राममेहर, ग्राम सचिव प्रताप, पटवारी संदीप के अलावा नगूरां चौंकी प्रभारी चंद्रपाल समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।



अलेवा। बधाना गांव में ट्रैक्टर की सहायता से पंचायती जमीन पर कब्जा लेता जिला प्रशासनिक अमला।

## डोज बॉल नेशनल टूर्नामेंट को लेकर लगा कैंप

- 62 खिलाड़ियों ने चार दिनों तक अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

पांच जनवरी से सात जनवरी तक गोहाना में होने वाली डोज बॉल के नेशनल टूर्नामेंट को लेकर शहर के 40 फूटा रोड स्थित बाबा प्रेमनाथ खेल अकेदमी में टीम हरियाणा का चार दिवसीय डोज बॉल कैंप बुधवार को सम्पन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से डोज बॉल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 62 खिलाड़ियों ने चार दिनों तक अभ्यास किया। अकेदमी संचालक जयभगवान करसिंधु ने बताया कि अलग-अलग मैदानों की व्यवस्था खिलाड़ियों के लिए की गई थी। लड़के एवं लड़कियों के अलग-अलग मैदान बनाए गए थे। पुख्ता प्रबंध कैंप को लेकर किए गए ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास में किसी तरह की परेशानी न हो। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था भी अकेदमी की तरफ से की गई थी। डोज बॉल एसोसिएशन के 'वाईंट सेक्रेटरी सलमदीन करनाल ने बताया कि डोज बॉल एसोसिएशन हरियाणा की तरफ से नेशनल कैंप का आयोजन उचाना में किया गया। द्वितीय सब जूनियर, जूनियर नेशनल चैंपियनशीप होनी है जिसको लेकर कैंप लगाया गया है। जो हरियाणा से चयनित खिलाड़ी है जिनमें लड़के, लड़कियां शामिल है। ये खिलाड़ी अलग-अलग जिलों से ये आए। जिलास्तर पर ट्रायल आयोजित हुई जिसके आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया हुआ था।



उचाना। प्रदेशस्तरीय डोज बॉल कैंप में हिस्सा लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

---

## गांव जांबा हलके में सफाई अभियान चलाया

- हलके के सभी 54 गांवों में करवाई जाएगी सफाई : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

गांव जांबा के सरपंच प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सतपाल जांबा ने पूरे हलके में अपनी तरफ से चलाए जाने वाले सफाई अभियान का विधिवत रूप से गांव टयोंठा से शुभारंभ किया। इस दौरान लगभग 50 सफाई मजदूरों के साथ गांव में नालियों, गलियों की सफाई के साथ गाव की सड?ों के आसपास पड़ी कूड़ा-ककर्ट को भी उठाया जा रहा है। बता दें कि जाबां के सरपंच लाभ सिंह व सतपाल जांबा के प्रयासों के चलते उनका गांव पूरे हरियाणा में सफाई व सुंदरता में नंबर वन है, जो कि हरियाणा सरकार के सर्वे के अनुसार है। इसके अलावा गांव की खूबसुरती आधुनिक विकास को देखने के लिए विदेशों से भी शिष्टमंडल आ चुका है।



पूंडरी। गांव टयोंठा में कूड़ा-ककर्ट साफ करते हुए मजदूरों के साथ सतपाल जांबा। फोटो : हरिभूमि

## मील का पत्थर साबित होगी ओपीएस महासंकल्प रैली




जींद। ओपीएस महारैली को लेकर कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पैंशन बहाली संघर्ष समिति जींद ने 11 फरवरी 2024 को होने वाली ओपीएस संकल्प महारैली के लिए विभागीय दौरों की बिजली विभाग, जींद से शुरुवात की है। बिजली विभाग के सब डिवीजन 1, सब डिवीजन 2 व सिटी सब डिवीजन जींद के कार्यालयों में ओपीएस संकल्प महारैली में भागीदारी के लिए कर्मचारी साथियों से सहयोग और समर्थन की अपील की। जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान ने बताया कि कर्मचारियों में ओपीएस संकल्प महारैली को लेकर पूरा जोश है और महारैली पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ कर पुरानी पैंशन को बहाल करवाने में मील का पत्थर साबित होगी। रैली के लिए जिला स्तरीय पोस्टर और स्टीकर के साथ अबकी बार, सहपरिवार नारा जारी किया गया है। आज के विभागीय दौरों में रा'य कार्यकारिणी से अनूप लाठर, वजीर गांगोली, राजबाला, सुरेंद्र मान, देवीलाल जुलानी, सुरेंद्र जागलान, सुनील खटकड़, सुनील झांझ, प्रहलाद सिंह, सतीश पड़ाना, अमित खटकड़, राजीव रोहिल्ला आदि शामिल रहे।

### रमेश कुचराना बने जेजेपी किसान सेल के हलका अध्यक्ष

**उचाना।** जेजेपी द्वारा निरंतर अलग-अलग प्रकोष्ठ के हलकाध्यक्षों की सूची जारी की जा रही है। किसान सेल के हलकाध्यक्षों की सूची में डिप्टी सीएम के हलके में ये जिम्मेदारी वरिष्ठ जेजेपी नेता रमेश कुचराना को दी गई। रमेश कुचराना ने पार्टी राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, किसान प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह मान, कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग का आभार प्रकट किया।

### स्कूल मुखियाओं का एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**उचाना।** शिक्षण संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थलों पर बालक, बालिकाओं के साथ यौन शोषण, छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खंड के सभी स्कूल मुखिया का एक दिवसीय सेमिनार आयोजित हुआ। अध्यक्षता बीआरसी रणपाल श्योकंद द्वारा की गई। संचालन की भूमिका प्रवीण कुमार, मा. राम प्रसाद द्वारा निभाई गई। खंड संसाधन संयोजक कार्यालय उचाना में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे अपने खुद के बच्चों से भी बढ़कर होते हैं। शिक्षक खुद में अभिभावक बनकर उनके चहुंमुंखी विकास के लिए बाल केंद्रित योजनाओं को क्रियान्वित करें। विशेष वक्ता के रूप में महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता यादव ने पोक्सो एक्ट की विस्तृत व्याख्या प्रदान की। यादव ने कहा कि बच्चों में संस्कार, अन्याय के प्रति जागरूक एवं बेड टच, गुड टच की समझ प्रत्येक बालक में स्थापित करनी होगी। विषय स्पेशलिस्ट के रूप में ममता शर्मा द्वारा स्कूल मुखियाओं को संबोधित किया गया। इस अवसर पर खंड के सभी एबीआरसी, बीआरपी उपस्थित रहे।

## केएम राजकीय महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम



नरवाना। योग प्रशिक्षण लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा द्वारा उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप प्राचार्य कृष्ण ने विद्यार्थीयों को दिए संदेश में कहा कि भारतीय जीवन शैली में सर्वप्रथम सुख निरोगी काया, दूसरा धन और मायाए तीसरा उत्तम पुत्र जय चौथा सामाजिक भाईचारा इत्यादिक का आधार माने गए हैं। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ के आधार हैं। सदैव स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक मानव को शारीरिक श्रम करना अपरिहार्य है। प्राचार्य डॉ मीनू सिंह ने अपने संदेश में विद्यार्थियों से करो योग रहो निरोग के अंतर्गत उत्तम स्वास्थ्य श्रेष्ठ मानसिक एवं बौद्धिक उन्नति के लिए प्रतिदिन आधा घंटा योग क्रियओं को नियमित रूप से करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने आसन योग व्यायाम, प्राणायाम इत्यादि किया। संचालक जयपालने कहा कि योग व्यायाम करने से शरीर के सभी अंग प्रत्यंगों की गतिविधियों से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक निरोगिता एवं स्वच्छता बनी रहती है। इस अवसर पर प्रोफेसर लाल सिंह, शैलेंद्र नैन, कविता, मुकेश कुमारी एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे ।

---

### श्रद्धालुओं में वितरित किए गए पूजित अक्षत व मंदिर के चित्र

# दिव्य, भव्य और नव्य होगा श्री अयोध्या धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सफीदों

- पांच सौ बाद श्री राम अयोध्या में विराज रहे हैं

विश्व हिंदू परिषद सफीदों नगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुर्गावाहिनी, मातृशक्ति एवं बजरंग दल के सहयोग से सफीदों नगर के विभिन्न मंदिरों में श्री अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षत वितरण के अनेको कार्यक्रम आयोजित किए गए। मातृशक्ति सफीदों नगर संयोजिका नीलम कंसल की अगुआई में स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर, विश्व हिन्दू परिषद सफीदों नगर के अध्यक्ष जयदेव माटा के नेतृत्व में नूरसर तालाब स्थित बाबा रति राम मंदिर, रोहतक विभाग मातृशक्ति संयोजिका दर्शना गौतम तथा जींद जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा की अगुवाई में सफीदों शहर स्थित श्रीराम मंदिर तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला संपर्क प्रमुख सत्यदेव चौबे एवं नगर मंत्री राजू वर्मा की अगुआई में गुरुद्वारा गली स्थित श्री हरि संकीर्तन भवन में पंडित राममेहर शर्मा के सहयोग से श्रद्धालुओं में पूजित अक्षत व श्रीराम मंदिर के चित्र वितरित किए गए। पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं शिक्षाविद् नरेश सिंह बराड़ एवं समाजसेविका उषा बराड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं विशिष्टातिथि के रूप में सफीदों नगरपालिका चेयरपर्सन अनिता अधलखा मौजूद रहीं।

रोहतक विभाग मातृशक्ति संयोजिका दशर्ना गौतम तथा जींद जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि नरेश सिंह बराड़ ने कहा कि त्रेतायुग में सर्व सुविधा संपन्न रही भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या का प्राचीन वैभव फिर से लौट रहा है। सभी अपने राजा श्रीराम के स्वागत के लिए व्याकुल है। आगामी 22 जनवरी को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रामलला अपने दिव्य भव्य मंदिर में विराजमान होंगें। हमारी पीढ़ी बहुत सौभाग्यशाली है कि हम सभी इस अलौकिक, दिव्य व मनोरम पल के साक्षी बनेंगे। हम रामजी के हैं और रामजी हमारे हैं।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

#### मौजूद रहे

इस मौके पर जयदेव माटा, हरिओम वर्मा, एडवोकेट हरीश शर्मा, अजीत वर्मा, होशियार शर्मा, राजू वर्मा, ओमप्रकाश वशिष्ठ, संजीव गौतम, विजय गर्ग, कविता शर्मा, पूनम गर्ग, किरण शर्मा, संतोष गौड़, नीलम कंसल, संयोगिता, विमला शर्मा, दीनबंधु दीनानाथ, नरेंद्र शास्त्री, सत्यदेव चौबे सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### छात्राओं को दी गुड टच-बैड टच की जानकारी

**नरवाना।** राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय दनौदा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैम्प के पाँचवे दिन स्वयं सेवकों ने कार्यकारी प्राचार्य शमशेर नैन के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली। एनएसएस के स्वय सेवकों ने जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व समाज में फैल रही नशे जैसी बुराइयों के बारे में गांव वासियों को संदेश दिया।

विद्यालय प्रभारी शमशेर नैन ने भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले के जन्म दिवस पर स्वंय सेवकों को उनके जीवन के बारे में जानकारी दी। प्रोग्राम अधिकारी सन्तोष देवी प्रवक्ता संस्कृत ने कैम्प में भाग लेने वाली छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व आत्म रक्षा के बारे में विस्तार से बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005